C M Y K

साप्ताहिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

रायगढ़, शुक्रवार
26.05.2017
ज्येष्ठ शुक्ल 01
पृष्ठ 8, मूल्य 3

www.sjunion.org

Web: www.nyaysakshi.com

3 तृणमूल कांग्रेस सांसद सुदीप ... 6 देखे मनोरंजन में ....

» वर्ष-1 » अंक-09 »

## खबर ए खास

### पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति पर ईडी ने किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित रिश्वत और भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई जांच का सामना कर रहे कार्ति चिदंबरम पर शुक्रवार, 19 मई को मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया। ईडी चिदंबरम की संपत्ति को भी जब्त कर सकता है।

**जब्त हो सकती है संपत्ति**

कार्ति चिदंबरम गुरुवार, 18 मई को लंदन रवाना हो गये थे, उनके पिता और संप्रग सरकार में मंत्री रहे पी चिदंबरम ने इसे पूर्व निर्धारित यात्रा बताया, सीबीआई ने मंगलवार 16 मई, को चार शहरों में कार्ति के घरों और कार्यालयों में इन आरोपों की जांच के सिलसिले में छापेमारी की थी कि उन्हें कर जांच से बचाने में मदद के लिए इंद्राणी और पीटर मुखर्जी के मालिकाना मीडिया फर्म से धन प्राप्त हुआ था।

### एवरेस्ट फतह करने 25 छात्राएं रवाना



**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों की 25 छात्राएं पर्वतारोहण पर निकल पड़ी हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ स्थित निवास पर बृहस्पतिवार को दल को मनाली के लिए रवाना किया, जहां वह 5289 मीटर ऊंचे मित्रता शिखर (फ्रेंडशिप पीक) को फतह करेंगी। इस दौरान सीएम ने छात्राओं के साथ अपने स्कूल जीवन के अनुभव साझा किए। लड़कियों के जज्बे व उत्साह से गदगद मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ के बाद अब हरियाणा बेटी पहाड़ पर चढ़ाओ की ओर बढ़ा है। सैनिक स्कूल कुंजपुरा (करनाल) के प्राचार्य कर्नल वाईएस परमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि दल चोटी फतह कर 3 जून को वापस चंडीगढ़ लौटेगा। हरियाणा स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों की कड़ी में आयोजित किए जा रहे इस पर्वतारोहण कार्यक्रम में हर जिले के एक सरकारी स्कूल की लड़कियों का चयन किया गया है, जबकि तीन लड़कियां सैनिक स्कूल कुंजपुरा की हैं। दल को रवाना करते समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. राजीव रत्तन, कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार मौजूद थे।

### चीन में बना दुनिया का पहला स्पोकलेस झूला, वाई-फाई और टीवी की भी सुविधा

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के शानडोंग प्रांत में एक अलग डिजाइन का फेरिस व्हील (गोलाकार झूला) बनकर तैयार हो गया है। यह दुनिया का पहला ऐसा झूला है जिसके बीचो-बीच रॉड आदि का कोई सपोर्ट नहीं लगा है, सिर्फ ग्रिड का इस्तेमाल किया गया है। आमतौर पर ऐसे झूलों में सपोर्ट के लिए रॉड आदि लगाए जाते हैं। यह झूला 1,771 फीट लंबी बाइलांग नदी पर एक ब्रिज के सहारे बनाया गया है। जल्द ही इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। 'बाइलांग रिवर ब्रिज फेरिस व्हील' में 36 कार्ट लगे हैं जिसमें वाई-फाई व टीवी की भी सुविधा है। प्रत्येक कार्ट में 10 लोग बैठ सकेंगे। यह झूला 28 मिनट में एक चक्कर पूरा करेगा जिससे यात्री कार्ट से दिखने वाले नजारों को कैमरे में कैद कर सकेंगे।

### ईवीएम टैम्परिंग विवाद




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) हैक करने के लिए दी गई चुनौती पर आयोग ईवीएम और वीवीपीएटी पर लाइव डेमो भी दिखाएगा। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी के आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने सर्वदलीय बैठक में कहा था कि जल्द ही सभी राजनीतिक दलों को ईवीएम टैम्परिंग करने की चुनौती दी जाएगी। सर्वदलीय बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त नसीम जैदी ने कहा था कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल की गई ईवीएम में टैम्परिंग की चुनौती के साथ-साथ ये साबित करने का भी मौका पार्टियों को मिलेगा कि चुनाव आयोग के ईवीएम में छेड़छाड़ संभव है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने ईवीएम में छेड़छाड़ का आरोप लगाया था।

इसके साथ ही दिल्ली के उप मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा था कि चुनाव आयोग ने 'हैकाथन' करने से मना किया। मनीष सिसोदिया ने लिखा था कि मैंने चुनाव आयोग से कहा है कि हमें पिछले चुनाव में इस्तेमाल मशीन दे दें, हम उसे भी टैम्पर करके दिखा देंगे। लेकिन अभी तक आयोग ने माना नहीं है। हैकाथन का मतलब है कि आओ हमारी ईवीएम टैम्पर करके दिखाओ। जबकि चुनाव आयोग चैलेंज देगा कि पिछले चुनाव में मशीन टैम्परिंग होने के सबूत दो। इसके बाद समाजवादी पार्टी समेत कई पार्टियों ने इसकी जांच की मांग की थी। आम आदमी पार्टी ने गड़बड़ी का आरोप लगाया और उसके विधायक सौरभ भारद्वाज ने पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा में एक डेमो देकर ये दावा किया कि ईवीएम में छेड़छाड़ संभव है।

## ना नियमित किया! ना डेज़िग्नेशन दिया और ना ही पदोन्ति दी



**एस0ई0सी0एल0 का प्रकरण संदर्भ शपथपत्र दिनॉक 11/05/2017 के सापेक्ष में।**

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** खिक लाल कुम्भकार आ0 श्री नवधाराम कुम्भकार, उम्र 47 वर्ष, निवासी - चंद्रशेखरपुर , ऐडु (छाल) जिला रायगढ़, छ0ग0 ने सामाजिक न्याय संघ को दिए अपने आवेदन में बताया कि दिनॉक 1998 से कार्यरत् होने के बाद भी अब तक नियमित नहीं किया गया और न्यायोचित वेतन एवं अन्य सुविधाए प्राप्त नहीं भी नहीं दी जा रही अतः न्यायोचित कार्यवाही कराई जावें।

अपने आवेदन में पीड़ित ने बताया कि मैं उक्त पते पर रहता हूँ , और सन् 1998 से लगभग 18 वर्षो से एस0ई0सी0एल0 रायगढ़ क्षेत्र के धरम खदान में केटेगरी 2 (जनरल मजदूर) के पद पर रहते हुए लिपिक का कार्य कर रहा हूँ। कहा कि विदित हो कि मेरी नियुक्ति केटेगरी 1 (जनरल मजदूर) पर है, लेकिन मेरे द्वारा लिपिक का कार्य किया जा रहा है, जो कि मेरे द्वारा बेहद उचित रीति एवं क्रियांन्वन के साथ किया जा रहा है, इसलिए मेरे द्वारा लगातार प्रबंधन से नैसर्गिक न्याय के तहत् बेहद विनम्रता के साथ यह चाहा गया कि मुझे पदोन्नत कर उस पद का डेजिग्नेशन दिया जावे जो कि मेरे द्वारा किया जा रहा है, लेकिन प्रबंधन इस सम्बंध में कोई भी आशाजनक उत्तर नहीं दे रहा है।

अपने आवेदन में कहा कि जनरल मजदूर केटेगरी में रहते हुए एक्सप्लोसिव डिपार्टमेंट में कार्य किया जाना अपने आप में मेरी कार्य क्षमता को रेखांकित करता है, जिससे यह भी जाहिर है कि मैं अपने कार्य के प्रति बेहद सजग एवं उर्जावान हूँ । ऐसी स्थिति में मेरे द्वारा अपने लिए नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के तहत् यह चाहा जाना कि मुझसे जो कार्य कराया जा रहा है, उसके अनुरुप मुझे वेतन एवं डेजिग्नेशन एवं अन्य सुविधाए दी जावे न्यायोचित प्रतीत होता है। विदित हो कि इस सम्बंध में मेरे द्वारा पूर्व में प्रबंधन से बेहद विनम्रता से न्यायोचित क्रियांनवन चाहा गया था, जो कि नहीं होने से इस आवेदन को आपके समक्ष सामाजिक न्याय संघ में प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता हुई।

पीड़ित ने कहा कि मैं उक्त के कारण लगातार मानसिक कष्ट भोग रहा हूँ , और प्रताड़ित हो रहा हूँ,अतः यह आवेदन मय गवाहान् न्याय हेतु आपके समक्ष सामाजिक न्याय संघ के माध्यम से प्रस्तुत कर रहा हूँ , ताकि न्याय प्राप्ति हो सके। कहा कि, मेरे प्रकरण के सापेक्ष में मुझे तत्काल न्यायिक सहायता प्रदान किया जाकर न्यायोचित क्रियांनवन् कराए जाने एवं संदर्भित प्रकरण पर उचित आदेश प्रदान कराने की कृपा की जावे।

जिसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए सामाजिक न्याय संघ ने आवेदन को उचित कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा के साथ श्रीमान् राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री महोदय, अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक, एस0 ई0 सी0 एस0 मुख्यालय, बिलासपुर, निदेशक तकनीकि एस0 ई0 सी0 एस0 मुख्यालय, बिलासपुर, निदेशक कार्मिक एस0 ई0 सी0 एस0 मुख्यालय, बिलासपुर, महाप्रबंधक, एस0 ई0 सी0 एस0 क्षेत्रीय मुख्यालय, रायगढ़ क्षेत्र, रायगढ़, कार्मिक प्रबंधक, एस0 ई0 सी0 एस0 क्षेत्रीय मुख्यालय, रायगढ़ क्षेत्र, रायगढ़ के साथ उपक्षेत्रीय प्रबंधक, एस0 ई0 सी0 एस0 छाल उपक्षेत्र, रायगढ़ क्षेत्र, रायगढ़ को भेजा है, जिसपर तत्काल एवं उचित कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा सामाजिक न्याय संघ के द्वारा व्यक्त की गई है।

## छात्रा ने काटा स्वामी का प्राइवेट पार्ट,8 साल से लूट रहा था इज्जत

**तिरूवनतपुरम**,केरल। केरल में एक 23 वर्षीय कानून की छात्रा ने एक स्वामी का प्राइवेट पार्ट काट डाला। स्वामी गणेशानंद उर्फ हरि स्वामी पिछले आठ साल से छात्रा का यौन शोषण कर रहा था। कोल्लम में पनमाना आश्रम का स्वामी पीड़िता की मां से मिलने के बहाने आता और उसका रेप किया करता था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक़ केरल के कोल्लम में स्थित पनमाना आश्रम में रहने वाला स्वामी गणेशानंद पीड़िता की मां से मिलने उसके घर आया करता था। पीड़िता का आरोप है कि 16 साल की उम्र से स्वामी उसका रेप कर रहा है। वह पिछले आठ साल से इस दंश को झेल रहा है, बीती रात स्वामी ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की थी। उसने धारदार हथियार से 54 वर्षीय स्वामी का प्राइवेट पार्ट काट डाला। उसके बाद पुलिस को फोन करके इसकी सूचना दी, पुलिस ने आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया है, बताया जा रहा है कि आरोपी का 90 फीसदी प्राइवेट पार्ट कट चुका है, डॉक्टरों की टीम ने प्लास्टिक सर्जरी की है, ताकि खून को रोका जा सके और यूरीन पास हो सके। केरल राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रमीला देवी ने कहा कि उन्हें युवती के ऐसा करने पर गर्व है, किसी भी व्यक्ति की ऐसी हरकत, खासतौर पर धर्म की आड़ में स्वीकार्य नहीं है, इसी बीच, पुलिस युवती के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को लेकर उलझन में है, बताया जा रहा है कि पुलिस फिलहाल आरोपी के खिलाफ केस तैयार कर रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी स्वामी गणेशानंद के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो कानून की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी का इलाज चल रहा है, उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा, पीड़िता की मां भी इस जुर्म के बारे में जानती थी, उसे भी हिरासत में लिया गया है।

**माँ भी हिरासत में**

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आधी आबादी से किया अपना वादा किया पूरा

### 22 के कैबिनेट में 11 पर महिलाएं



**पेरिस।** अपने वादे के अनुसार फ्रांस के सबसे युवा राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने नए कैबिनेट में आधे पदों पर महिलाओं को जगही दी है। मैक्रों के इस नए कैबिनेट को महिला-संतुलित कैबिनेट कहा जा रहा है जिसमें 22 में से 11 पदों पर महिलाएं हैं। हालांकि पांच प्रमुख पदों में से केवल एक ही महिला को सौंपा गया। सिल्वी गोलार्ड को रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली तो ओलिंपिक चैंपियन लॉरा फ्लेसेल को खेल मंत्री बनाया गया है। ब्रूनो ले मेयर को आर्थिक मामलों का मंत्री, जेरार्ड कोलोम्ब को गृह मंत्री और फांस्वा बायरू को न्याय मंत्री बनाया गया है। राजनीति का अलग-अलग धाराओं से इन हस्तियों को एकसाथ लाने के मैक्रों के फैसले ने फ्रांस के दक्षिणपंथियों को हैरत में डाल दिया है। ब्रूनो ले मेयर मध्यम रूढ़िवादी विचारधारा से हैं, तो कोलोम्ब ल्योन के सोशलिस्ट मेयर हैं और फ्रांस्वा बायरू मध्यमार्गी हैं। इससे पहले, लगभग 170 निर्वाचित नेताओं ने मैक्रों के समर्थन में एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जबकि कई नेताओं ने उनकी आलोचना की थी। टैक्स रिकॉर्ड का पता लगाने की वजह से हुई देरी फ्रांस के नए राष्ट्रपति को उम्मीद है कि अगले महीने होने वाले संसदीय चुनाव में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी और दोबारा राष्ट्रपति बनने की उनकी संभावनाएं मजबूत होंगी। कैबिनेट के सदस्यों के टैक्स रिकॉर्ड का पता लगाने और उनके राजनीतिक हितों के टकराव की संभावना के बारे में पता करने में वक्त लगने के कारण कैबिनेट के नामों की घोषणा करने में देर हुई थी। लैंगिक समानता वाले सरकार में रवांडा आगे मैक्रों के पूर्ववर्ती फ्रांस्वा ओलां की 34 मंत्रियों व जूनियर मंत्रियों की कैबिनेट में आधे पद महिलाओं को ही दिए गए थे। गौरतलब है कि दुनिया में 38 ऐसे देश हैं जहां संसदीय सदनों में महिलाओं की संख्या 10 फीसदी से भी कम है। वर्तमान में रवांडा में सबसे ज्यादा महिला सांसद हैं जिसके बाद बोलिविया का स्थान आता है।

भारतीय संसद की बात की जाए तो दोनों सदनों के 787 सदस्यों में से केवल

## पीआईए को बंद करने के लिए समर्थन की मांग कर रही पाकिस्तानी सरकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सरकार इंटरनेशनल एयरलाइंस को (पीआइए) दिवालिया घोषित कर इसे बंद करने के लिए पार्टी सांसदों से समर्थन मांग रही है। डॉन के अनुसार, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के विमानन सलाहकार सरदार मेहताब अब्बासी ने पीआइए के प्रदर्शन पर सीनेट स्पेशल कमेटी से कहा, 'संसदीय समिति से ऐसे सुझाव सरकार को मुश्किल निर्णय लेने में मदद करेगी जिसे लेने में सरकार हिचकिचा रही है। अब्बासी ने समिति के समक्ष तीन विकल्प दिए, या तो एयरलाइंस को संचालित करने दें, या इसे दिवालिया घोषित करें और अपने सभी कर्मचारियों की सेवा बंद करें या इसके पुनर्गठन करें। समिति ने गुरवार को पीआइए के मुद्दे पर चर्चा की। समिति ने पिछले महीने हुई घटनाओं के मुद्दे को उठाया, जिसकी वजह से सर्विस की बदनामी हुई। अब्बासी ने कहा कि अतीत में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) में अनुशासन और जवाबदेही की कमी थी। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन इसके लिए काम कर रहे हैं जो कि आसान काम नहीं है। हालांकि समिति पीआइए के बंद करने के पक्ष में नहीं है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीक नवाज के मुशाहिदुल्लाह खान जो कमिटी के चेयरमैन हैं, उन्होंने बताया, 'हमारा मानना है कि कुछ शीर्ष अधिकारी पीआइए का खोया हुआ सम्मान वापस ला सकते हैं। जबकि अब्बास ने कहा कि ऐसे लोग अब पीआइए नहीं आते हैं। उन्होंने कमेटी से कहा कि पीआइए को बिजनेस मॉडल के तहत संचालित किया जाना चाहिए।

## सुरक्षा बलों को चकमा देकर फरार हुआ लश्कर-ए-तोएबा का मोस्ट वांटेड आतंकी

**श्रीनगर।** कश्मीर में सक्रिय लश्कर-ए-तोएबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबु दुजाना शुक्रवार की सुबह एक बार फिर अपने एक स्थानीय साथी के साथ सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़ भाग निकला। फिलहाल, उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। उधमपुर हमले की साजिश में लिप्त और श्रीनगर - जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रीनगर से बीजबेहड़ा तक बीते दो सालों के दौरान हुए विभिन्न आत्मघाती हमलों की साजिश में सुरक्षाबलों को वांछित अबु दुजाना के पुलवामा जिले के हकरीपोरा गांव में छिपे होने की सूचना मिलते ही आज सुबह सुरक्षाबलों ने एक तलाशी अभियान चलाया था। 10 लाख का इनामी दुजाना वहां अपने एक स्थानीय साथी आरिफ के साथ आया हुआ था। सुरक्षाबलों ने जैसे ही घेराबंदी करते हुए आतंकी ठिकाने की तरफ कदम बढ़ाए, आतंकियों ने पता चल गया। उन्होंने उसी समय समय अपना ठिकाना छोड़ सुरक्षाबलों पर पहले ग्रनेड और फिर अपने स्वचालित हथियारों से फायरिंग की। सुरक्षाकर्मियों ने इस फायरिंग से खुद को बचाते हुए सुरक्षित जगह ली और इससे पहले ही जवाबी कार्रवाई करते, ग्रामीणों ने भी कथित तौर पर नारेबाजी शुरु कर दी। आतंकियों ने इसका फायदा लिया और भाग निकले। अलबत्ता,पुलिस ने हकरीपोरामें दुजाना के घेराबंदी तोड़ भागने की पुष्टि से इंकार करते हुए कहा कि गांव में एक लश्कर का नामी कमांडर छिपे होने की सूचना पर तलाशी अभियान चलाया गया था। लेकिन कुछ नहीं मिला। फिलहाल, अभियान जारी है।

## पूर्व आतंकी को साथियों ने मौत के घाट उतारा, गोलियों से छलनी शव बरामद

**श्रीनगर।** पुलिस ने यहां शुक्रवार को पुलवामा जिले में एक पूर्व आतंकी का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। मृतक एक पूर्व आतंकी बताया जा रहा है। यहां यह बताना असंगत नहीं होगा कि बीते दो दिनों में दक्षिण कश्मीर में किसी पूर्व आतंकी की हत्या का यह दूसरा मामला है। इससे पहले गत बुधवार की सुबह शोपियां के रहने वाले नजीर अहमद बट का गोलियों से छलनी शव मिला था। वह भी एक पूर्व आतंकी था। पुलवामा से आज सुबह मिली जानकारी के अनुसार, गड्डा गांव के रहने वाले मोहम्मद युसुफलोन का शव गांव से कुछ ही दूरी पर रुमशी नाले के पास पड़ा हुआ था। शव पर गोलियों के निशान मिले हैं। दिवंगत लश्कर-ए-ताइबा का एक पुराना आतंकी रह चुका है। माना जा रहा है कि उसे आतंकियों ने ही सुरक्षाबलों का मुखबिर होने के संदेह में मौत के घाट उतारा है। फिलहाल, पुलिस ने मोहम्मद युसुफ लोन का शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। शव को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने लोन की हत्या के मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

## जेल में कैदी को खुद की आपत्तिजनक तस्वीरें देते पकड़ी गई महिला अधिकारी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक महिला जेल अधिकारी को अपनी ही जेल में बंद एक कैदी से प्यार हो गया। जेल में जिस कैदी से उसके प्रेम संबंध कायम हुए, वह हत्या के मामले में सजा काट रहा था। हालांकि दोनों के संबंध जेल के अन्य लोगों से छुप नहीं सके। महिला अधिकारी ने जेल के अंदर बंद कैदी को अपनी आपत्तिजनक तस्वीरें भी भेजीं, जिसके चलते दोनों के संबंधों का खुलासा हो गया। अदालत ने अब महिला को दोषी मानते हुए आठ माह जेल की सजा सुनाई है। रॉयल नेवी सील की पूर्व नाविक 23 साल की किया एड्रोसजैक मैनचेस्टर जेल में अधिकारी के पद पर तैनात थी। हत्या के एक मामले में दोषी पाया गया शेन बॉयड नाम का अपराधी भी इसी जेल में सजा काट रहा था। किया, शेन के लिए तस्वीरें और चॉकलेट ले जाते पकड़ी गई। पूछताछ में पता चला कि दोनों को बीते छह माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान किया न केवल उसे अपनी तस्वीरें देती थी, बल्कि शेन के पास एक मोबाइल भी था जिसे उसने छुपाकर रखा था। इस मोबाइल पर किया और शेन से एक दूसरे को करीब 600 संदेश भी भेजे थे। किया ने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को बताया कि शेन के साथ उसकी पहली मुलाकात जेल की कैंटीन में हुई। शेन उसकी ओर देखकर मुस्कुराया और वह भी उसे देखकर मुस्कुरा दी। फिर दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया। कोर्ट में माना कि उसका पद के मुताबिक आचरण नहीं था। शेन ने 2009 में एक मामूली बहस पर 16 साल के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिंग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400